**भाकृअनुप - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान**
**क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल**

फाइल संख्या: नीलामी/2026-27/आर.एस.-क/2991 दिनांक :25.09.2026

## अल्पकालीन नीलामी सूचना

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की तरफ से **अनाज सामग्री** की नीलामी/ निविदा हेतु पत्र आमंत्रित करते हैं। निविदा हेतु विवरण निम्न प्रकार:

| **क्रम संख्या** | **नीलामी विवरण** | **मात्रा** | **अग्रिम राशि** | **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय** | **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गेहूं स्क्रीन ग्रेविटी | 100 क्विंटल लगभग | रूपये 10,000/- (केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा) | 16.10.2026 सांय 3.00 बजे | 16.10.2026 सांय 3.30 बजे |
| 2. | गेहूं स्क्रीन C-1 | 50 क्विंटल लगभग | | | |

डिमांड ड्राफ्ट 'अध्यक्ष, IARI क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल' के पक्ष में बनवाया जायेगा ।

**निविदाकर्ता निविदा पत्र के साथ अपना आधार कार्ड या पैन कार्ड की प्रति साथ में संलग्न करे ।**

**नोट:** सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई अग्रिम राशि को सुरक्षा में परिवर्तित कर दिया जाएगा, जो कि कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर वापस किया जाएगा, अन्यथा निविदाकर्ता की अग्रिम राशि को प्रक्रिया समाप्त होने पर वापस किया जाएगा।

उपरोक्त नीलामी लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित निविदा प्रारूप सीलबंद लिफाफे में अपनी निविदा इस कार्यालय को जमा कर सकता है ।

**निविदा हेतु नियम व शर्तें:**

• नीलामी हेतु उपरोक्त माल का निरीक्षण प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रक्षेत्र प्रभारी से मिलकर किया जा सकता है।

• निविदा स्वीकृत हो जाती है तो सबसे ऊंची निविदा देने वाले को निविदा की संपूर्ण राशि स्थल पर ही जमा करनी होगी।

• मजदूरी तथा परिवहन का सारा व्यय सफल निविदा दाता को ही वहन करना होगा।

• निविदा खुलने के समय निविदाकर्ता स्वयं अथवा लिखित रूप में प्राधिकृत के माध्यम से कार्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते हैं।

• सभी निविदा बंद लिफाफे में जमा की जाएंगी। निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकती है। यह सुनिश्चित करे कि निविदा भेजने के दौरन कोई क्षति /देर के लिए यह केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा । अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

• उपरोक्त सामान केवल कार्यालय दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक उठाने की अनुमति होगी ।

• निविदा दाता तथा उनके कर्मचारियो द्वारा संस्थान की सम्पति को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाने पर इसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी ।

• ठेका अवधि नीलामी की 100 प्रतिशत राशि जमा करने के साथ ही प्रारम्भ होगी ।

• संस्थान द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से कम राशि प्राप्त होने के स्थिती में उस समय समिति के समक्ष ही पुनः बन्द निविदा की प्रक्रिया भी की जा सकती है ।

• भुगतान की विधि: निविदा खुलने के उपरान्त सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा वर्णित राशि 50 प्रतिशत भुगतान नकद निविदा खुलने के दिन करना होगा तथा शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अगले कार्य दिवस में करना होगा ।

• किसी भी विषय से सम्बंधित सर्वाधिकार भाकृअनुप - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल को सुरक्षित होगा ।

• यदि कोई और शर्त हुई तो वह नीलामी के समय घोषित कर दी जायेगी ।

• निर्धारित समय पर माल नहीं उठाया गया तो जमा कि गई बयाना राशि व सामान जब्त कर लिया जायेगा ।

• निर्धारित समय में समस्त सामान उठाने के बाद बयाना/ अग्रधन राशि वापिस की जायेगी ।

• असफल क्रेताओं को बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट वापिस किया जायेगा ।

• नगर निगम को यदि कोई टैक्स देय होगा तो बोलीदाता / क्रेता को स्वयं अदा करना होगा ।

• अध्यक्ष भाकृअनुप - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल बिना कोई कारण बताये बोलियों को कैंसिल करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं ।

शिव कुमार यादव
25/09/2026

**अध्यक्ष**

25/9/26

**फार्म संख्या 1 (नीलामी दर पत्र)**

1. निविदा देने वाले का नाम :

2. पत्राचार का पता :

3. दूरभाष संख्या :

4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय **16 अक्तूबर, 2026 सायं 3:30 बजे**

| **प्रक्षेत्र** | **सामान का नाम** | **सामान की सूची** | **मात्रा** | **रेट** |
|---|---|---|---|---|
| भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ,क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल | अनाज सामग्री | गेहूं स्क्रीन ग्रेविटी | 100 क्विंटल लगभग | |
| | | गेहूं स्क्रीन C-1 | 50 क्विंटल लगभग | |

नोट: आरक्षित आधार मूल्य से अधिक नीलामी मूल्य होने पर ही नीलामी राशि पर विचार किया जाएगा ।

घोषणा: मैं यह अधोहस्ताक्षरी यह घोषणा करता हूँ कि मैंने उपर्युक्त सामग्री का स्वयं निरीक्षण किया है एवं मुझे किसी भी सरकारी संस्थान द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है । मुझे निविदा की समस्त शर्ते मंजूर हैं । मैं उपर्युक्त समस्त सामान अपनी जिम्मेदारी एवं निरीक्षण कर खरीद रहा हूँ एवं इसमें सम्बंधित समस्त जोखिम कि जिम्मेदारी भी मेरी अधोहस्ताक्षरी की है ।

निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि: 16.10.2026

निविदा खोलने की अंतिम तिथि: 16.10.2026

ठेकेदार के हस्ताक्षर ________________________________

नाम ________________________

पूरा पता ______________________

मोबाइल नं .____________________

ईमेल __________________________